पैरा 100 मीटर रेस में गावित पहले स्थान पर रहे, बासिल ने जीता रजत पदक

गावित ने भारत को दिलाया तीसरा गोल्ड

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

दिलीप महादु गावित ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में सातवें दिन भारत को तीसरा गोल्ड मेडल दिलाया। उन्होंने पुरुषों की पैरा टी47 कैटेगरी में100 मीटर रेस में 10.71 सेकेंड का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया।

भारत के ही मोहम्मद बासिल ने 10.83 सेकेंड के साथ सिल्वर मेडल जीता, जबकि इंग्लैंड के केविन सैंटोस ने 10.85 सेकेंड के साथ ब्रॉन्ज अपने नाम किया। गावित से पहले भारत के लिए महिलाओं के पैरा शॉटपुट एफ57 इवेंट में शर्मिला धनकड़ और रविवार को वेटलिफ्टिंग के 48 किलोग्राम इवेंट में मीराबाई चानू गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं। इससे पहले सातवें दिन लॉन्ग जंपर मुरली श्रीशंकर ने 8.09 मीटर की छलांग लगाकर सिल्वर मेडल जीता।





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गावित-बासिल के प्रदर्शन की तारीफ की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भारतीय पैरा-एथलीट्स दिलीप महादु गावित और मोहम्मद बासिल मोर्सिगनाकाथी को पुरुषों की टी47 100 मीटर स्पर्धा में ऐतिहासिक गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतने पर बधाई दी। इसी के साथ उन्होंने लगातार दूसरी बार कॉमनवेल्थ गेम्स में सिल्वर मेडल जीतने वाले लॉन्ग-जंपर मुरली श्रीशंकर की भी तारीफ की। गोल्ड मेडलिस्ट दिलीप गावित की तारीफ करते हुए पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ''एक्स'' पर लिखा, ''दिलीप महादु गावित का शानदार प्रदर्शन।

पेड़ से गिरने के बाद दिलीप का हाथ काटना पड़ा था

दिलीप महादु गावित ने पुरुषों के 100 मीटर टी47 इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने फाइनल में 10.71 सेकेंड का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने इस प्रदर्शन के साथ गेम्स रिकॉर्ड बनाया और सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी किया। भारत के ही मोहम्मद बासिल मोर्सिगनाकथ ने 10.83 सेकेंड के साथ सिल्वर मेडल हासिल किया। दिलीप गावित की सफलता के पीछे संघर्ष की लंबी कहानी है।

कॉमनवेल्थ गेम्स पदक तालिका के भारत फिर आठवें स्थान पर

छठे दिन के मुकाबले समाप्त होने के बाद भारत के खाते में 3 गोल्ड, 9 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज समेत कुल 15 मेडल हो गए हैं। इसके साथ ही भारतीय टीम मेडल टैली में आठवें स्थान पर पहुंच गई। भारत पांचवें दिन नौवें स्थान पर खिसक गया था। वहीं, ऑस्ट्रेलिया 47 गोल्ड समेत कुल 103 मेडल के साथ टॉप पर बना हुआ है। वहीं, बुधवार को छह मुक्केबाजों के सेमीफाइनल में पहुंचने से बॉक्सिंग टीम के लिए इस खेल में 10 मेडल पक्के हो गए हैं।



नीरज ने पांचवें स्थान पर रहकर फाइनल के लिए किया क्वालिफाई, रोहित-यशवीर भी अगले दौर में पहुंचे

● ग्लास्गो / राज न्यूज नेटवर्क

ग्लास्गो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा ने क्वालिफिकेशन राउंड में पांचवें स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। क्वालिफिकेशन राउंड में 18 खिलाड़ियों को तीन-तीन अटैम्प्ट मिलने थे और नीरज ने सिर्फ दो प्रयास किए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास 79.61 मीटर का रहा और वह पांचवें स्थान पर रहे। हालांकि, सर्वश्रेष्ठ 12 थ्रो वाले खिलाड़ियों ने फाइनल में जगह बनाई।

नीरज का प्रदर्शन लेकिन पाकिस्तान के अरशद नदीम से बेहतर रहा, जो इस वक्त फॉर्म ढूंढ रहे हैं। यह ध्यान देने वाली बात है कि 12 में से कोई भी खिलाड़ी क्वालिफिकेशन मार्क पार नहीं कर सका। क्वालिफिकेशन मार्क 84 मीटर का था। नीरज के अलावा क्वालिफिकेशन मुकाबले में भारत के रोहित यादव और यशवीर भी उतरे थे। इन दोनों ने भी फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। तीन प्रयासों में से बेस्ट अटैम्प्ट को गिना गया। फाइनल मुकाबला 31 जुलाई (भारत में एक अगस्त) को देर रात 12:45 बजे के आसपास शुरू होगा।

पहले स्थान पर रहे पथिरागे

श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिरागे ने अपने पहले प्रयास में 82.24 मीटर का थ्रो किया और इसके बाद उन्होंने अन्य दो प्रयास नहीं किए। उन्होंने पहले स्थान पर रहकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं, ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने तीनों अटैम्प्ट लिए। पहला प्रयास 76.09 मीटर का, दूसरा प्रयास 81.29 मीटर का और तीसरा प्रयास 76.70 मीटर का रहा। 81.29 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ वह दूसरे स्थान पर रहे। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के डू स्मित ने अपने पहले प्रयास में 80.64 मीटर का थ्रो किया और अन्य दो प्रयास उनके फाउल रहे। हालांकि, वह तीसरे स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचने में कामयाब रहे। इंग्लैंड के बेन ईस्ट ने चौथे स्थान पर रहकर फाइनल में जगह बनाई। उनका पहला प्रयास 73.50 मीटर का और दूसरा प्रयास 80.38 मीटर का रहा। 80.38 मीटर का प्रयास फाइनल में पहुंचने के लिए काफी था।

नीरज चोपड़ा ने दूसरे प्रयास में किया 79.61 मीटर का थ्रो

नीरज का पहला प्रयास 76.28 मीटर का रहा, जो कि उतना अच्छा नहीं था। हालांक, दूसरे प्रयास में नीरज ने 79.61 मीटर का थ्रो लिया और सीधे पांचवें स्थान पर पहुंच गए। सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ वह फाइनल में जगह बनाने में कामयाब रहे।

रहाणे ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास

दिग्गज क्रिकेटर ने लिखा भावुक संदेश

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

भारतीय क्रिकेट के सबसे शांत, भरोसेमंद और जुझारू खिलाड़ियों में गिने जाने वाले अजिंक्य रहाणे ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का एलान कर दिया।

सोशल मीडिया पर जारी भावुक वीडियो में रहाणे ने अपने दो दशक लंबे सफर को याद करते हुए कहा कि उनके लिए हमेशा देश और टीम सबसे पहले रहे। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाने वाले इस बल्लेबाज की विदाई ने करोड़ों क्रिकेट प्रशंसकों को भावुक कर दिया।भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने गुरुवार को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी।

भारत के लिए 85 टेस्ट, 90 वनडे और 20 टी-20 खेल चुके रहाणे ने इंस्टाग्राम पर वीडियो जारी कर इस फैसले की जानकारी दी। वीडियो में 38 साल के रहाणे ने भावुक होते हुए कहा कि अब उनके लिए आगे बढ़ने का यही सही समय है। विराट कोहली ने सोशल मीडिया पोस्ट कर रहाणे को उनके करियर के लिए बधाई दी है।



हर शुरुआत का एक अंत होता है

संन्यास का एलान करते हुए रहाणे ने कहा, ''जिंदगी की सच्चाई यही है कि हर चीज की शुरुआत होती है और हर चीज का अंत भी होता है। जब वह समय आता है तो हमें उसका सम्मान करते हुए आगे बढ़ जाना चाहिए। बल्लेबाजी में मैंने हमेशा सही टाइमिंग पर भरोसा किया है और उसकी अहमियत को समझा है। आज मुझे लगता है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और सभी प्रारूपों से संन्यास लेने के लिए यही सही समय है।''डोंबिवली से टीम इंडिया तक का सफरअपने शुरुआती संघर्षों को याद करते हुए रहाणे ने कहा कि डोंबिवली से शुरू हुआ उनका सफर सिर्फ एक सपना पूरा करने के लिए था। उन्होंने कहा, ''डोंबिवली से एक छोटे लड़के के रूप में सिर्फ अभ्यास करने के लिए सफर शुरू किया था। मैंने इस खेल को अपना सब कुछ दिया। हर दिन, हर पारी और बल्लेबाजी का हर मौका मेरे लिए भारत की कैप पहनने के सपने से जुड़ा था।''देश और टीम हमेशा सबसे पहले रहेरहाणे ने क्रिकेट के प्रति अपने समर्पण के बारे में बताते हुए कहा, ''मैंने हमेशा एक ही नियम अपनाया, अपने देश और अपनी टीम को खुद से ऊपर रखा। मैंने पूरी ईमानदारी के साथ क्रिकेट खेला और हमेशा यह माना कि अगर आपकी नीयत सही है तो खेल हमेशा आपका साथ देता है।''20 साल तक भारतीय क्रिकेट का हिस्सा बनने पर गर्वरहाणे ने भावुक होकर कहा, ''जब से मैंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में डेब्यू किया, तब से लेकर आज तक भारतीय क्रिकेट ने जबरदस्त तरक्की की है। पिछले 20 वर्षों तक इस सफर का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की बात है। भारतीय क्रिकेटर के रूप में मेरा अध्याय भले ही समाप्त हो रहा हो, लेकिन क्रिकेट के साथ मेरा सफर यहीं खत्म नहीं होगा।

व्यापार

महंगे सोने का असर, देश में 131.4 टन रही डिमांड

अप्रैल जून तिमाही में सोने की मांग में 6 प्रतिशत की गिरावट

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

भारत में सोने की मांग में गिरावट आई है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल-जून तिमाही में देश में सोने की मांग सालाना आधार पर 6 फीसदी घटकर 131.4 टन रह गई। पिछले साल इसी अवधि में कुल मांग 139.7 टन थी।



इस गिरावट के पीछे कई वजहें रहीं, जिनमें मौसमी सुस्ती, कस्टम ड्यूटी में बढ़ोतरी प्रमुख हैं। वहीं दूसरी तरफ, सोने की ग्लोबल डिमांड स्थिर रही। दुनियाभर में सोने की कुल मांग 1,269 टन दर्ज की गई। डब्ल्यूजीसी के भारत में रीजनल सीईओ सचिन जैन ने बताया, हालांकि, मांग के मूल्य के मामले में यह एक रिकॉर्ड रहा है। खपत 1,98,100 करोड़ रुपये रही, जबकि 2025 की इसी अवधि में यह 1,32,500 करोड़ रुपये थी। यह 2025 की दूसरी तिमाही की तुलना में 50 फीसदी ज्यादा है, जो यह दिखाता है कि ऊंची कीमतों के बावजूद उपभोक्ता सोने को प्राथमिकता दे रहे हैं। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल ने पूरे वर्ष के लिए भारत में सोने की मांग 650 से 750 टन के बीच रहने का अनुमान जताया है। जैन ने कहा, हमें अब भी इस साल सोने की मांग 650 से 750 टन के दायरे में रहने की उम्मीद है। हालांकि, मौजूदा भू-राजनीतिक परिस्थितियों, ब्याज दरों और महंगाई को देखते हुए हमारा मानना है कि मांग इस दायरे के बीच में रह सकती है।

निवेश के लिहाज से सोने की मांग मजबूत

दूसरी ओर, निवेश के लिहाज से सोने की मांग मजबूत बनी रही। सोने की बार और सिक्कों की मांग सालाना आधार पर 9 फीसदी बढ़कर 50.3 टन पहुंच गई। वहीं, वैश्विक स्तर पर निकासी के बावजूद गोल्ड ईटीएफ में 4.2 टन का शुद्ध निवेश (नेट इनफ्लो) दर्ज किया गया। ये रुझान दिखाते हैं कि सोना अब सिर्फ पारंपरिक बचत का साधन नहीं रहा, बल्कि अनिश्चित आर्थिक माहौल में स्थिरता और डायवर्सिफिकेशन देने वाले एक रणनीतिक निवेश के रूप में भी इसकी अहमियत बढ़ रही है। आगे चलकर साल की दूसरी छमाही में त्योहारों और शादी-ब्याह के सीजन से मांग को समर्थन मिलने की उम्मीद है। हालांकि, ऊंची कीमतें खरीदारी के तरीके को प्रभावित कर सकती हैं, लेकिन भारतीय उपभोक्ताओं ने हमेशा परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालने की क्षमता दिखाई है।

वेदांता का पहली तिमाही में लाभ 6,597 करोड़ रहा

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

वेदांता एल्युमीनियम मेटल लिमिटेड (वीएएमएल) का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ तीन गुना होकर 6,597 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में कंपनी ने 2,162 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। बीएसई को गुरुवार को दी सूचना के अनुसार, इस दौरान कंपनी की परिचालन आय 45.9 प्रतिशत बढ़कर 21,393 करोड़ रुपये हो गई। वेदांता समूह के विभाजन (डीमर्जर) के बाद बनी चार कंपनियां- वेदांता एल्युमीनियम मेटल, वेदांता पावर, वेदांता ऑयल एंड गैस और वेदांता आयरन एंड स्टील 15 जून को शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुई थीं।इनके शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद वीएएमएल का यह पहला तिमाही परिणाम है। वीएएमएल के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए प्रति शेयर आठ रुपये के पहले अंतरिम लाभांश को मंजूरी दी है।

सेंसेक्स 273 अंक चढ़ा, निफ्टी 24300 के पार

मुंबई (आरएनएन)। भारतीय शेयर बाजार में 30 जुलाई 2026 को जोरदार तेजी दर्ज की गई। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 273.55 अंक बढ़कर 77,928.15 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 66.95 अंक की वृद्धि के साथ 24,317.15 पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 9 पैसे मजबूत हुआ, यह 95.67 रुपये (अस्थायी) पर बंद हुआ। आज के कारोबार में सेंसेक्स लगभग 274 अंक ऊपर बंद हुआ। निफ्टी ने भी 24,300 के महत्वपूर्ण स्तर को पार कर लिया।

आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड
(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020
Aavas SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

कब्जा नोटिस

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 (12) और सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अतः ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13(4) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाइनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

ऋणी का नाम	धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि	बंधक संपत्ति का विवरण	कब्जे की तारीख एवं प्रकार
गंगा बाई, मोहनलाल गहलोत खाता सं. 221214102523693 व 231214103180882	5 सितम्बर 2025 ₹ 457511/- व ₹ 277316/- 4 सितम्बर 2025	भूमि सर्वे नं.-796/2/2, पी.एच. नं.-84, ग्राम पलवाड़ा, तहसील बदनावर, जिला धार म.प्र., 454001 क्षेत्रफल 6765 वर्ग फीट	भौतिक कब्जा दिनांक 28 जुलाई 2026
शिवप्रताप सिंह राठौड़, पिंकी कुवर जमानतदार : राजपाल सिंह पंवार खाता सं. 181202500884785 व 191202501305546	7 मई 2026 ₹ 310216/- व ₹ 167835/- 7 मई 2026	पी.एच. नं. 35, सर्वे नं. 55, गांव-बेकल्दा, तहसील-पेटलावद, जिला-झाबुआ, म.प्र. क्षेत्रफल 1250 वर्ग फीट	सांकेतिक कब्जा दिनांक 27 जुलाई 2026
हुकुम सिंह वसुनिया, स्व. श्रीमती मंजुला बाई जरिए उनके विधिक उत्तराधिकारी श्री हुकुम सिंह वसुनिया, श्री अजय वसुनिया, श्री संजय वसुनिया खाता सं. LNPTM00621-220217391	8 जनवरी 2025 ₹ 2111835/- 7 जनवरी 2025	पीएच नं. 04 पर स्थित सम्पत्ति, भूमि क्र.सं. 58/1केएच का भाग, ग्राम मनावर, तहसील महेश्वर, जिला खरगोन, मध्य प्रदेश 451224 क्षेत्रफल 2244 वर्ग फीट	भौतिक कब्जा दिनांक 29 जुलाई 2026
चन्द्रप्रकाश चन्द्रप्रकाश, सोनू बाई वर्मा, रूकमणी बाई खाता सं. 211219802177601 व 231209203154603	5 अगस्त 2025 ₹ 889085/- व ₹ 723103/- 4 अगस्त 2025	मकान नं-76, गांव-छोटी खरगोन पर स्थित, पीएच नं. 43, ग्राम पंचायत छोटी खरगोन के तहत, तहसील-महेश्वर, जिला-खरगोन, मध्य प्रदेश (भारत)-451221/ क्षेत्रफल 2400 वर्ग फीट	भौतिक कब्जा दिनांक 29 जुलाई 2026

दिनांक : 31-07-2026 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

पश्चिम रेलवे-भावनगर मंडल

33 केवी ओवरहेड विद्युत लाइन क्रॉसिंग का संशोधन कार्य

नि.सू.सं.डीआरएम/ईएल/ईनि/बीवीपी/2026-27/01; दिनांक 30.07.2026; भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (कर्षण वितरण), पश्चिम रेलवे, भावनगर परा द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली निविदा आमंत्रित की जाती है, **निविदा संख्या: 17- TRDBVP-2025-26-R1; कार्य का नाम:** लालपुर-गोपी जाम खंड में 4 स्थानों पर 33 केवी ओवरहेड विद्युत लाइन क्रॉसिंग का भूमिगत माध्यम से संशोधन कार्य।; **अनुबंध मूल्य:** ₹ 6,29,26,693.52/-; **टेंडर फीस:** NIL; **बयाना राशि:** ₹ 12,58,500/-; **ऐड्रेस:** डीआरएम (ट्रैक्शन) बीवीपी, डीआरएम कार्यालय, भावनगर परा - 364003; निविदाकर्ताओ को अपनी निविदा ऑन लाईन लिंक www.ireps.gov.in पर जमा करना है. अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाऐं. **ऑनलाईन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांक 24.08.2026 को 15.00 बजे तक है.** BVP – 096

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 17/08/2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुनः सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

पंधुरना एम पी, 0137680700003488, 3844, 3865, 4011, 0137680730003630, 3641, मंदसौर, नई आबादी मंदसौर, 0131710700012896, 2978, 3010, 0131710730020905, 6826, 6827, 6833, 6834, 6835, स्टेशन रोड मंदसौर, 0131720700012098, 2099, 2100, 0131720730046229, 2383, 2386, नीमच, मानसा, 0138270700004553, 4868, 4886, 4899, 4955, 4970, 5018, 5058, 5180, 0138270730009776, 4067, 4068, 4071, नीमच, 0138110700004304, 4875, 4926, 5259, 5343, 5371, 6110, 0138110730012154, 3139, 4993, 4994, 5094, 5865, 9584, 9585, 9589, 9590, टगोर मार्ग नीमच, 0133340700019795, 0674, 0966, 1419, 1436, 1549, 1597, 1640, 1832, 1874, 1949, 1969, 1979, 2004, 2056, 2069, 2070, 2100, 2129, 2134, 2159, 2175, 2187, 0133340730039642, 0742, 3841, 4389, 4583, 4742, 9828, 9829, रतलाम, गायत्री टॉकिज रोड रतलाम, 0127740700019268, 0147, 0417, 0676, 0764, 1093, 1129, 2062, 0127740730020644, 1236, 1647, 7115, 7123, 7125, 7126, न्यू रोड रतलाम, 0129740700018755, 9928, 9930, 0129740730022102, 3050, 4339, 5296, 2001, 2008, 2010, 2011, 2013, 2019, स्टेशन रोड जलरा, 0131060700015775, 5883, 6399, 0131060730018630, 2934, 2940, 2941, 2942, 2943,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड,
सीआईएन नं.: U65999MH2002PLC134884 वेबसाइट: www.arcil.co.in
पंजीकृत कार्यालय: द रूबी, 10वां तल, 29 सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम), मुंबई-400028. **दूरभाष-** 022-66581300.

माँग सूचना

चूँकि एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड (नीचे उल्लिखित ट्रस्टों के लिए ट्रस्टी के रूप में कार्यरत) (जिसे आगे ''आर्सिल'' कहा जाएगा) का प्राधिकृत अधिकारी कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत निगमित है और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (जिसे आगे ''सरफेसी अधिनियम'' कहा जाएगा) के अंतर्गत एक एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी के रूप में पंजीकृत है और चूँकि नीचे दिए गए चार्ट के कॉलम संख्या 2 में उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं ने मूल ऋणदाताओं से ऋण प्राप्त किया है और चूँकि आर्सिल ने नीचे उल्लिखित ऋण खातों से संबंधित वित्तीय आस्तियाँ अर्जित की हैं और चूँकि आर्सिल सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत सुरक्षित ऋणदाता है। तथा उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 2 के साथ पठित, नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं को नोटिस की तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि को उस पर अतिरिक्त ब्याज सहित चुकाने के लिए मांग नोटिस जारी किया, लेकिन विभिन्न कारणों से उनमें से कुछ को नोटिस की तामील नहीं की जा सकी।

क्र. सं.	ऋण खाता सं. / मूल ऋणदाता का नाम / मांग सूचना तिथि / ट्रस्ट का नाम	ऋणकर्ता(ओं)/सह-ऋणकर्ता(ओं)/ गारंटर का नाम	मांग सूचना तिथि के अनुसार भारतीय रूपये में कुल बकाया
1	**ऋण खाता सं.: FEDINOSTL0495045** **मूल ऋणदाता:** फेडबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड **माँग सूचना की तिथि:** 27-06-2026 **ट्रस्ट का नाम:** आर्सिल - ट्रस्ट-2026-007	रमेशचंद्र पाटीदार / निर्मला बाई पाटीदार	**रू. 2,39,484.04/-** **(दो लाख उनतालीस हज़ार चार सौ चौरासी रुपये और चार पैसे मात्र) 27.06.2026 तक**
	संपत्ति का विवरण- आवासीय संपत्ति का वह हिस्सा जिस पर कमर्शियल दुकान बनी हुई है। यह भूमि सर्वे नंबर 569/3/1 (क्षेत्रफल 0.052 हेक्टेयर या 5616 वर्ग फुट) पर स्थित है, जो ग्राम दसाई प.ह.नं. 17/67, तहसील सरदारपुर, ज़िला धार (म.प्र.) में है। इसके मालिक श्री रमेश चंद्र पाटीदार (पिता श्री पूना जी पाटीदार) हैं। माप- पूर्व से पश्चिम दोनों तरफ 144 फुट, उत्तर से दक्षिण दोनों तरफ 39 फुट; कुल क्षेत्रफल 5616 वर्ग फुट या 521.748 वर्ग मीटर। सीमाएँ- **पूर्व** - शिवनारायण का घर; **दक्षिण** - कमलाबाई का घर; **पश्चिम** - दिलीप (पिता सागर) की कृषि भूमि; **उत्तर** - सार्वजनिक सड़क।		

अतः, जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं को एक नोटिस दिया जाता है, जिसमें उनसे इस नोटिस के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर, संबंधित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता के विरुद्ध, ऊपर दर्शाई गई कुल बकाया राशि का भुगतान करने का आह्वान किया जाता है। संबंधित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता द्वारा अतिरिक्त ब्याज सहित कुल बकाया राशि का भुगतान न करने पर, आर्सिल को ऊपर वर्णित संपत्तियों पर सुरक्षा हित लागू करने के लिए धारा 13(4) के तहत कार्रवाई करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। अधिनियम और इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के तहत निर्धारित अन्य तरीकों से भी नोटिस की तामील के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। आपको सूचित किया जाता है कि उक्त बंधक को सार्वजनिक नीलामी या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण के लिए निजी संधि के लिए नोटिस के प्रकाशन की तिथि से पहले किसी भी समय आर्सिल द्वारा वहन की गई लागतों, शुल्कों और व्ययों सहित पूरी देय राशि का भुगतान करने पर भुनाया जा सकता है, जैसा कि सरफेसी अधिनियम की धारा 13(8) में विस्तृत रूप से वर्णित है।

कृपया ध्यान दें कि सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (13) के अनुसार, आपको सुरक्षित संपत्तियों को किसी भी प्रकार से बिक्री, पट्टे या किसी अन्य तरीके से हस्तांतरित करने और/या उनसे निपटने से प्रतिबंधित किया जाता है।

हस्ता/-
स्थान: धार (म.प्र.) प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक: 31.07.2026 एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड, (ट्रस्टी के तौर पर)

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank ...the name you can BANK upon!
सर्कल ऑफिस, इन्दौर
20, स्नेह नगर
सपना संगीता रोड, इन्दौर

कब्जा सूचना चल/अचल संपत्ति हेतु नियम 8 (1)

चूँकि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **पंजाब नैशनल बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी की हैसियत से, सिक्यूरिटाईजेशन एंड रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाईनेन्शियल असेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंट्रेस्ट एक्ट 2002 (2002 का 54) के अन्तर्गत एवं सिक्यूरिटी इंट्रेस्ट (इनफोर्समेंट) रूल्स 2002 के साथ पठित, सेक्शन 13 (12) सहपठित **नियम 3** के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित खाते के सामने दर्शाई गई तारीख को नोटिस जारी कर, ऋणी/जमानतदार / बंधककर्ता को नोटिस की तारीख / नोटिस प्राप्ति की तारीख से **60 दिन के अन्दर** उक्त खाते के सामने दर्शाई गई राशि अदा करने के लिये कहा था।

ऋणी/जमानतदार / बंधककर्ता उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, अत: ऋणी/जमानतदार / बंधककर्ता तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट के सेक्शन 13 की उपधारा (4) एवं प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के साथ पठित नियम 8 के द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुये अधोलिखित संपत्तियों का **आधिपत्य** ले लिया है। एतद् द्वारा ऋणी/जमानतदार / बंधककर्ता को विशेषत: एवं जनसाधारण को सामान्य रूप से सचेत किया जाता है कि उक्त सम्पत्तियों विषयक कोई संव्यहार न करे, ऐसा कोई भी संव्यवहार वसूल की जाने वाली नीचे उल्लिखित राशि एवं उस पर ब्याज एवं अन्य खर्चे हेतु **पंजाब नैशनल बैंक** के प्रभार के अधीन रहेगा। ऋणी/जमानतदार / बंधककर्ता का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधो की ओर आकृष्ट किया जाता है।

क्र.	ऋणी/सह-ऋणी/ जमानतदार/बंधककर्ता का नाम	चल/अचल संपत्ति (यों) का विवरण	मांग नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक	बकाया राशि
1.	**श्री भरत कुमार शुक्ला पिता श्री ओम प्रकाश शुक्ला एवं श्रीमती नेहा शुक्ला पति श्री भरत शुक्ला** **दोनों का पता:** 1. ब्लॉक डी, फ्लैट नं. 403, चौथी मंजिल, मालय गोकुल धाम सोसायटी (गोकुल धाम), छोटा बांगड़दा, इंदौर, **दोनों अन्य का पता:** 118/114, न्यू जूनी कसेरा बाखल, इंदौर, 24, बिजासन कॉलोनी, एयरपोर्ट रोड, इंदौर **शाखा: एसजीएसआईटीएस, इंदौर**	ब्लॉक डी, फ्लैट नं. 403, चौथी मंजिल, मलय गोकुल धाम सोसायटी (गोकुल धाम), छोटा बांगड़दा, इंदौर **चतु:सीमाएँ:** पूर्व: फ्लैट नं. डी 404, ब्लॉक डी एवं लॉबी, पश्चिम: फ्ल